# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक: 383 / भण्डार / 2026

भोपाल, दिनांक: 22/08/2026

## स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) क्रय हेतु प्रथम ई– निविदा वर्ष : 2026

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों हेतु **"स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) क्रय हेतु निविदा वर्ष : 2026"** ऑन लाईन ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्तें एवं विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु म.प्र.शासन की वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर लॉग -ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1,000=00 (रू. एक हजार मात्र) तथा सुरक्षा निधि रू. 19,538=00 (रू. उन्नीस हजार पाँच सौ अडतीस रूपये मात्र) है। इसे ऑन-लाईन जमा किया जाना है।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 6,45,273-00 (छः लाख पैंतालीस हजार दो सौ तिहत्तर रूपये मात्र) है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है:–

निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है:-

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 22/08/2026 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Dowload / Sale Start Date | 22/08/2026 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 22/08/2026 | |
| 04 | Document Download/Sale End date | 05/09/2026 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 05/09/2026 | |
| 06 | Bid Opening Date | 07/09/2026 | |

निविदा संबंधी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.Bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

कुलसचिव

## भाग- 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा संबंधी जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की वेब साइट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के दीक्षांत समारोह में उपयोग आने वाले स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) क्रय के लिए आमंत्रित की जा रही है।

1.3 स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) की निविदा को वेब साईट https://mptenders.gov.in पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 4,00,000- 00 (~~चार लाख रुपये~~ मात्र)- है। ([illegible])

1.4 निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का दिवस निम्नानुसार है

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 22/08/2026 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Dowload / Sale Start Date | 22/08/2026 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 22/08/2026 | |
| 04 | Document Download/Sale End date | 05/09/2026 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 05/09/2026 | |
| 06 | Bid Opening Date | 07/09/2026 | |

1.5 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा यदि खोली नहीं जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 3.30 बजे खोली जाएगी।

**प्रक्रिया–1:** निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये 1,000/- (एक हजार मात्र) है। तथा सुरक्षा निधि राशि रुपये 19,538. 00 (रू. उन्नीस हजार पांच सौ अड़तीस रुपए मात्र) है। यह राशि ऑन–लाईन जमा किया जाना है, जमा की गई दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना है।

**प्रक्रिया–2:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में सफल पाई जाने वाली फर्म की ही तकनीकी निविदा खोली जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्कैन कर अपलोड किए जाने है।

**प्रक्रिया–3:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में सफल पाई जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

## भाग– 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 निविदाकर्ता द्वारा पिछले पांच (2021 22, 2022 23, 2023 24, 2024- 25, 2025--26) वर्षो में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो मे शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं हेतु स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) प्रदाय किया हो। संबंधित संस्था का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें।

2.2 निविदाकर्ता फर्म का पिछले पॉच (2021 22, 2022 23, 2023 24, 2024 -25, 2025 26) वर्षो में से किन्ही वित्तीय वर्षो में न्यूनतम रू. 19.50 -00 लाख का औसत टर्न ओवर का होना अनिवार्य है। फर्म के टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से हस्ताक्षरित प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करें।

2.3 निविदाकर्ता फर्म किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। ब्लैक लिस्टेड के संबध में किसी भी प्रकार की जानकारी यदि है तो प्रदान करना अनिवार्य है। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, तथा शपथ पत्र में सभी निर्धारित शर्तो का पालन निविदाकर्ता द्वारा किया गया है के संबंध में भी उल्लेख होना चाहिए। शपथ पत्र रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। (शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है।)

2.4 निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की स्कैन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करे

(क) जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करे।

(ख) आयकर (PAN CARD) कार्ड की छाया प्रति संलग्न करें।

(ग) संस्था/फर्म/कंपनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.5 आयकर के पिछले तीन (2023 24, 2024- 25, 2025 26) ऐसेसमेन्ट वर्ष के रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करें।

2.6 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000 00 वापसी योग्य नहीं है।

2.7 यदि निविदा की शर्तो एवं दिनांक में यदि कोई संशोधन किये जाने की स्थिति निर्मित होती है तो इसकी सूचना वेबसाईट के माध्यम से ही ऑन-लाईन की जावेगी। इस हेतु पृथक से समाचार पत्रो में संशोधन की सूचना जारी नहीं की जावेगी।

**2.8 निविदा के साथ ऑन–लाईन जमा किए जाने वाले समस्त प्रपत्रों की चैक लिस्ट की सूची निविदा की शर्तो के कमांक अनुसार पेज नम्बर सहित अनिवार्य रूप से संलग्न करें। अनावश्यक प्रपत्र संलग्न करने पर निविदा निरस्त की जा सकती है।**

## भाग- 3
## निविदा की अन्य शर्ते

3.1 सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन पर सुरक्षा निधि राशि को जब्त किया जा सकेगा।

3.2 पात्र पाई गई संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा। अनुबंध के पूर्व निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किया जावेगा, यदि फर्म द्वारा निविदा मे प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति अथवा जानकारी असत्य पाई जाती है तो निविदा निरस्त करते हुए सुरक्षा निधि / बैंक गारंटी जब्त कर फर्म को ब्लेक लिस्ट करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।

3.3 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं सामग्री की गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अधिकतम 1 वर्ष तक के लिए बढ़ाया भी जा सकता है।

3.4 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष अनुबंध समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना अनिवार्य है।

3.5 निविदा में सफल स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) फर्म को निविदा के कुल मूल्य की 03 प्रतिशत बैंक गारंटी / डी.डी भोपाल जिला मुख्यालय में स्थित राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा से तैयार कर विश्वविद्यालय में अनुबंध के साथ जमा करना होगा। बैंक गारंटी का बैंक से सत्यापन प्राप्त होने के बाद फर्म की सुरक्षा निधि वापस कर दी जावेगी।

3.6 स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) का प्रदाय संतोषजनक न होने पर क्रय सफल निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करपाने की स्थिति में सफल निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जायेगी।

3.7 त्रुटिपूर्ण सामग्री प्रदाय या विलम्ब से सामग्री प्रदाय करने पर निम्नानुसार दण्ड अधिरोपित किया जा सकेगा।

(क) त्रुटि- प्रति त्रुटि पर प्रति यूनिट की दर का 50 प्रतिशत होगा।

(ख) विलम्ब- देयक की कुल राशि का 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह रहेगा।

(दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपति जी के विवेकाधीन होगा।)

3.8 स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) प्रदाय की दरें L.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी। दरें एक समान होने पर अधिक टर्नओवर वाली फर्म की निविदा स्वीकार होगी।

19/1/26

3.9 वित्तीय निविदा में दरें कर रहित (Without tax) प्रस्तुत की जाना है। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी वित्तीय निविदा प्रपत्र में देवें।

3.10 निविदा में सफल फर्म द्वारा प्रस्तुत देयक दर्शित जी.एस.टी. राशि का भुगतान फर्म को किया जावेगा। फर्म के देयक से स्त्रोत पर आयकर की राशि की कटौति की जावेगी। नियमानुसार जी.एस.टी.–टी.डी.एस. की राशि की कटौती की जावेगी।

3.11 स्वर्ण पदक रखने का बाक्स अच्छी क्वालिटी का उपलब्ध कराना होगा।

3.12 निविदा में दिए स्पेसिफिकेशन अनुसार स्वर्ण पदक प्रदाय करने का उत्तरदायित्व फर्म का होगा। स्वर्ण पदक की शुद्धता एवं गुणवत्ता का उत्तरदायित्व फर्म का होगा।

3.13 विश्वविद्यालय किसी भी स्वर्ण पदक का आकस्मिक परीक्षण करने का अधिकार सुरक्षित रखेगा।

3.14 निविदा के साथ एक प्रमाण पत्र संलग्न करें जिसमें लिखा होना चाहिए "प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म मेसर्स........................................द्वारा विश्वविद्यालय की निविदा में दर्शित स्पेसिफिकेशन अनुसार मेडल प्रदाय किए जावेंगे। यदि स्पेसिफिकेशन अनुसार मेडल नहीं पाए जाते है तो विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि वह हमारी फर्म को ब्लेक लिस्ट करते हुए कानूनी कार्यवाही कर सकेगा।

3.15 निविदा में सफल फर्म को बिल प्रस्तुत करते समय गोल्ड मेडल से 29 ग्राम चांदी एवं 1 ग्राम सोने के **वजन** की टेस्ट रिपोर्ट अधिकृत संस्था की प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके उपरांत ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

3.16 मेडल में किसी भी प्रकार का खराब होने पर प्रदायकर्ता को स्वयं के व्यय पर वापिस लेना होगा।

3.17 निविदा में सफल फर्म को कार्यादेश (आदेश) में दर्शित संख्या के मेडल समय सीमा में विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

3.18 मेडल की संख्या में कमी या वृद्धि संभावित है। उक्त की दर पृथक से दर्शाई जावे।

3.19 मेडल प्रदाय के पश्चात बिल दो प्रतियों में कुलसचिव बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के नाम से प्रस्तुत करें।

3.20 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

भाग–4
स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) के
स्पेसिफिकेशन एवं मात्रा

| S.NO. | DISCRIPTION | Qty. |
|---|---|---|
| 01 | Total Weight 30 gm (29gm Silver 99% Pure, Polished with 1.00 gm Gold (24 Crt) Diameter 2.00 inch with hook.<br>Golden Color Metal Chain – Length 75cm & wt. 4-5 gm. With hook | 27 |

## भाग–5

### निम्नांनुसार दस्तावेजों फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित नंबरिंग करने के उपरांत स्केन कॉपी अपलोड की जाना हैं।

| स.क्र. | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य रूपये 1,000–00 ऑन लाईन जमा की रसीद। |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 19,538–00 (रू. उन्नीस हजार पॉच सौ अडतीस रूपये मात्र) ऑन लाईन जमा की रसीद। |
| 03 | निविदाकर्ता द्वारा पिछले पॉच (2021–22, 2022–23, 2023–24, 2024–25, 2025–26) वर्षो में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो में शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओ हेतु स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) प्रदाय किया हो। संबंधित संस्था का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें। |
| 04 | निविदाकर्ता फर्म का पिछले पॉच (2021–22, 2022–23, 2023–24, 2024–25, 2025–26) वर्षो में से किन्ही वित्तीय वर्षों में न्यूनतम रू. 19.50–00 लाख का औसत टर्न ओवर का होना अनिवार्य है। फर्म के टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से हस्ताक्षरित प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करें। |
| 05 | निविदाकर्ता फर्म किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। ब्लैक लिस्टेड के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी यदि है तो प्रदान करना अनिवार्य है। इस बावत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, तथा शपथ पत्र में सभी निर्धारित शर्तों का पालन निविदाकर्ता द्वारा किया गया है के संबध में भी उल्लेख होना चाहिए। शपथ पत्र रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। (शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है।) |
| 06 | जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 07 | आयकर (PAN CARD) कार्ड की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 08 | संस्था/फर्म/कंपनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 09 | आयकर के पिछले तीन (2023–24, 2024–25, 2025–26) ऐसेसमेन्ट वर्ष के रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 10 | निविदा प्रपत्र ए–1 संलग्न करें। |

**प्रपत्र ए – 1**
**(निविदा प्रपत्र)**

प्रति,

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषय: **स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) क्रय हेतु निविदा वर्ष 2026 बाबत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेंडलाईन) | |
| 06 | ई मेल | |

**प्रमाण – पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3", "4" "5", "6" दर्शित शर्तो के अनुसार " **स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) क्रय हेतु निविदा वर्ष–2026**" का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते है।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

शपथ पत्र
रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर
नोटरी से सत्यापित

मैं ............ ———द्वारा प्रोप्राइटर मेसर्स ————————————
निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि–

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था / अर्द्धशासकीय संस्था / अशासकीय उपक्रम से कभी भी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया हैं। पूर्व में ब्लैक लिस्टिंग के संबंध में सभी जानकारियाँ प्रदान की जा रही है और इस शपथ पत्र के साथ संलग्न की जा रही है। मैं घोषणा करता हूँ और स्वीकार करता हूँ कि यदि मेरे द्वारा यहां प्रदान की गई जानकारी के अलावा कोई भी जानकारी विश्वविद्यालय के संज्ञान में आती है तो मेरी निविदा निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के पास होगा।

(2) यह कि फर्म निविदा में दी गई सभी शर्तो को पूर्ण करती है।

(3) यह कि फर्म का स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल), सम्बन्धी कोई भी कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

(4) यह कि फर्म को किसी शासकीय संस्था / अर्द्धशासकीय संस्था / अशासकीय उपक्रम / बैंक से दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।

(5) फर्म की विरूद्ध किसी भी थाने मे कोई भी आपराधिक प्रकरण पंजीकृत नहीं है।

(6) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने तथा सुरक्षा निधि जब्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (6) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहित

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
प्रपत्र ए–2
(वित्तीय निविदा)

फर्म का नाम

| S.NO. | DISCRIPTION | Qty. | RATE Per Nos. | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Total Weight 30 gm (29gm Silver 99% Pure, Polished with 1.00 gm Gold (24 Crt) Diameter 2.00 inch with hook.<br>Golden Color Metal Chain – Length 75cm & wt. 4-5 gm. With hook. | 27 | | |
| | TOTAL | | | |

01 कर का नाम एवं दर :
02 कर का नाम एवं दर :